# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — षोडश (मॉनसून) सत्र

संख्या-02 — मंगलवार, दिनांक-23 जुलाई, 2019 ई०।

**समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 5.02 बजे अप० तक।**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

### 1.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य सर्वश्री दीपक बिरूवा तथा जगरनाथ महतो द्वारा सुखाड़ की स्थिति और तत्काल राहत कार्य शुरू करने, माननीय सदस्य, श्री राज कुमार यादव द्वारा कानून-व्यवस्था की उत्पन्न स्थिति, डायन-बिसाही की घटनायें, माननीय सदस्य, श्री इरफान अंसारी द्वारा रि-एडमिशन के नाम पर निजी विद्यालयों द्वारा वसूली, माननीय सदस्य, श्री स्टीफन मराण्डी एवं अन्य द्वारा सुखाड़ तथा राहत कार्य सम्बन्धी, माननीय सदस्य, श्री कुणाल षडंगी द्वारा डी.एम.एफ.टी. फण्ड के दुरूपयोग सम्बन्धी कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना को आसन द्वारा आज सभा में अनुपूरक बजट पर होने वाले वाद-विवाद के दौरान संभावित चर्चा के कारण अमान्य किया गया ।

### 2.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-20**

**(क) उत्तरित मात्र-01,** अ० सू०-01 श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०।

**(आदेश से प्रश्न संख्या- अ० सू०-01 माननीय सदस्य, श्री कुणाल षडंगी द्वारा पूछा गया।)**

**(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्रीमती सीमा देवी तथा माननीय सदस्य, श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता के सदन से बाहर धरने पर बैठे रहने सम्बन्धी सूचना माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री हेमन्त सोरेन ने दी जिसपर आसन द्वारा उन्हें सदन में ससम्मान लाये जाने हेतु माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम तथा माननीय सदस्य, श्री राधाकृष्ण किशोर को निदेश दिया गया।)**

(ख) **स्थगित मात्र-01,** अ० सू०-02 श्री शिवशंकर उराँव, स० वि० स०।
(दिनांक-24.07.2019 के लिए स्थगित।)

(ग) **अनागत कुल-18,** अ० सू०-03 से अ० सू०-20 तक।

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-40**

**(क) उत्तरित कुल-09,** तारां०-01 श्री कुणाल षडंगी, स० वि० स०,

कृ०पृ०उ०

तारां०-02 श्री स्टीफन मराण्डी, स० वि० स०,
तारां०-03 श्री योगेश्वर महतो, स० वि० स०,
तारां०-04 श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०,
तारां०-05 श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, स० वि० स०,
तारां०-06 श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०,
तारां०-09 श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स०,
तारां०-12 श्री शिवशंकर उराँव, स० वि० स० एवं
तारां०-15 श्री योगेश्वर महतो, स० वि० स०।

**(ख)स्थगित मात्र-01,** तारां०-16 श्री निरल पुरती, स० वि० स०।
**(दिनांक-24.07.2019 के लिए स्थगित।)**

**(ग)अनागत कुल-30,** तारां०-07,08,10,11,13,14 तथा तारां०-17 से 40 तक।

## 3.शून्यकाल:-

आज के लिए प्राप्त शून्यकाल की सूचनाओं को निम्न माननीय सदस्यों द्वारा आसन की अनुमति से पढ़ी गयी-

श्री जगरनाथ महतो,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री जय प्रकाश वर्मा,
श्री जानकी प्रसाद यादव,
श्री राज कुमार यादव,
श्री नारायण दास,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री रवीन्द्रनाथ महतो,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री विरंची नारायण,
श्री दीपक बिरूवा,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री इरफान अंसारी,
श्री प्रकाश राम,
श्री राज सिन्हा,
श्री शिवशंकर उराँव,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,
श्री नमन विक्सल कोनगाडी,
श्रीमती सीमा देवी,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता एवं
श्री राम कुमार पाहन।

क्र०पृ०उ०

## 4.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-

श्री शिवशंकर उराँव, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

## 5.सभा मेज पर कागजात का रखा जाना:-

i- पुकारे जाने पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा द्वारा झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग के वर्ष-2017-18 का वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति सभा मेज पर रखी गयी,

ii- पुकारे जाने पर सभा सचिव, श्री महेन्द्र प्रसाद द्वारा शून्यकाल की सूचनाओं के सम्बन्ध में प्राप्त उत्तर की संकलित प्रति सभा मेज पर रखी गयी।

## 6.वित्तीय कार्य:-

वित्तीय वर्ष-2019-20 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदानों की मांगों की अनुसूची में सम्मिलित माँग संख्या-4 "मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय प्रभाग)" माननीय मंत्री, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा द्वारा आसन से निदेश से प्रस्तुत किया गया जिसपर माननीय सदस्य, श्री रवीन्द्रनाथ महतो द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**(अन्तराल)**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

## 7.वित्तीय कार्य(क्रमांक-6 से जारी):-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत माँग पर हुए वाद-विवाद पर माननीय सदस्य, श्री रवीन्द्रनाथ महतो ने आसन के निदेश पर चर्चा प्रारम्भ की तदुपरांत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

श्री राधा कृष्ण किशोर,
श्री स्टीफन मराण्डी,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री सुखदेव भगत,
श्री मनीष जायसवाल,
श्री आलमगीर आलम,
श्री राम कुमार पाहन,
श्री राज कुमार यादव एवं
श्री शिवशंकर उराँव।

## 8. सूचना का दिया जाना:-

इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री इरफान अंसारी ने टेंडर हर्ट स्कूल द्वारा पुनर्नामांकन के नाम पर अवैध शुल्क लिये जाने, श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी ने किसान सम्मान योजना सभी किसानों तक नहीं पहुँचने, श्री सुखदेव भगत ने नेतरहाट विद्यालय की संबद्धता से सम्बन्धित तथा श्री फुलचन्द मण्डल ने माडा के सेवानिवृत्त कर्मी के पेंशन एवं कार्यरत कर्मियों के वेतन भुगतान कराये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया।

## 9.वित्तीय कार्य(क्रमांक-7 से जारी):-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत माँग पर हुए वाद-विवाद के उपरांत सरकार की ओर से माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने उत्तर दिया तदुपरांत माननीय सदस्य, श्री रवीन्द्रनाथ महतो द्वारा प्रस्तुत कटौती का

क्र० पृ०उ०

प्रस्ताव सभा द्वारा अस्वीकृत हुआ और "मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय प्रभाग)" की माँगें बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबंद) के माध्यम से सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुईं।

(इस क्रम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।)

## 10.विधायी कार्य:-

## झारखण्ड विनियोग (संख्या-03) विधेयक, 2019

माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुर:स्थापित किया गया।

पुर:स्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

खण्डश: विचार के क्रम में विधेयक के खण्ड- 02 एवं 03, खण्ड-1, अनुसूची, प्रस्तावना तथा नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तत्पश्चात **"झारखण्ड विनियोग (संख्या-03) विधेयक, 2019"** सभा द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

इसके उपरांत सभा की कार्यवाही **बुधवार, दिनांक-24 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न** तक के लिए स्थगित की गयी ।

महेन्द प्रसाद,<br>
सचिव,<br>
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,<br>
दिनांक- 23 जुलाई, 2019 ई०।